ये पक्षी क्या कर रहे हैं?

सभी फोटो : पी एम लाड

पक्षी धूल स्नान क्यों करते हैं इस बात का कोई एक ठोस कारण नहीं है। इस सिलसिले में जो दो-तीन तर्क दिए जाते हैं वे हैं – जब पक्षी अपने पंख खोलकर धूल में फड़फड़ाते हैं तो धूल उड़कर उनके रोमों में घुस जाती है। यह धूल पंखों में फँसी या पल रही जुँओं तथा पिस्सुओं के साँस लेने के छेदों में भर जाती है। इससे उनका दम घुट जाता है। और इस तरह पक्षियों को पिस्सुओं से मुक्ति मिल जाती है। पक्षी अपनी तेल ग्रंथियों से निकले अतिरिक्त तेल को साफ करने के लिए धूल स्नान करते हैं। धूल स्नान का एक फायदा शरीर का ताप नियंत्रण भी हो सकता है। यह भी कहा जाता है कि धूल स्नान असल में पक्षी तब करते हैं जब उनकी चमड़ी में खुजली या जलन होने लगती है। धूल स्नान करके पक्षी इससे छुटकारा पाने की कोशिश करते हैं। चकमक



उसान बोल्ट

जमैका के उसान बोल्ट इन दिनों दौड़ के रिकॉर्ड तोड़ने में लगे हैं। विश्व एथलेटिक चैम्पियनशिप में उन्होंने 100 मीटर का फासला सिर्फ 9.58 सेकण्ड में ही दौड़ लिया। फिर 200 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा।

1896 में पहले आधुनिक ऑलम्पिक में 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक टॉम बुर्के ने जीता था। उन्होंने यह फासला 12 सेकण्ड में पूरा किया था। अगले ही ऑलम्पिक में यानी चार साल बाद जर्विस ने 100 मीटर 10.8 सेकण्ड में ही दौड़ लिया था। हिसाब लगाओ पिछले सौ सालों में यह रिकॉर्ड कितना सुधरा है।

महिला एथलीटों की बात करें तो... 1988 में ग्रिफिथ जोएनर ने 10.49 सेकण्ड में ही सौ मीटर दौड़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। जो आज भी कायम है। चकमक

अगस्त माह की माथापच्ची के हल

3. केवल 0, 1, 6, 8, 9 ही ऐसे नम्बर हैं जो उलटे लिखे जाने पर भी पढ़े जा सकते हैं। इनसे बन सकने वाली सारी संख्याएँ लिखकर उन्हें आपस में घटाकर देखो। सही नम्बर है 10968।



5. 27 क्योंकि 2 + 7 = 9 x 3 = 27

6. ऐसी कई सारी तारीखें हो सकती हैं जैसे 01/01/02, 03/03/09, 24/02/48, 15/04/60..........

2. 10 सिक्कों को पाँच लाइनो में जमाने के एक से ज्यादा तरीके हो सकते हैं। जैसे